वेबसाइटः www.bankofbaroda.in **ईमेल:** corp.pr@bankofbaroda.com

स्थान/Place: Mumbai **तारीख/Date**: 27.10.2023

प्रेस विज्ञप्ति /Press Release

बैंक ऑफ़ बड़ौदा द्वारा लाइफटाइम शून्य शेष - बॉब लाइट बचत खाता का शुभारंभ

- खाते में कम जमा-राशि पर भी त्यौहारों के मौसम में बॉब लाइट बचत खाते में ऑफ़र की भरमार है -

27 अक्टूबर, 2023: भारत में सार्वजनिक क्षेत्र के अग्रणी बैंकों में से एक, बैंक ऑफ़ बड़ौदा (बैंक) ने अपने *"बॉब के संग त्यौहार की उमंग"* त्यौहारी अभियान में **बॉब लाइट** बचत खाते की पेशकश की है, जो लाइफटाइम शून्य शेष **वाला** बचत खाता है। बॉब लाइट ग्राहकों को अपने खाते में न्यूनतम शेष राशि बनाए रखने की जरूरत के बिना, बाधा-रहित बैंकिंग सुविधाओं का अनुभव प्रदान करता है।

इसके अलावा, अलग-अलग श्रेणियों के ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करने के लिए बॉब लाइट खाते के साथ कम तिमाही औसत शेष-राशि पर भी लाइफटाइम बिना किसी शुल्क के रुपे प्लेटिनम डेबिट कार्ड की पेशकश की गई है। साथ ही खाताधारक पात्रता के आधार पर लाइफटाइम निःशुल्क क्रेडिट कार्ड का भी लाभ उठा सकते हैं।

त्यौहारी मौसम के दौरान बॉब लाइट बचत खाते में ऑफ़र की भरमार है। बैंक ऑफ़ बड़ौदा ने वर्तमान में जारी अपने त्यौहारी अभियान के दौरान इलेक्ट्रॉनिक्स, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स, ट्रैवल, फूड, फैशन, मनोरंजन, लाइफस्टाइल, किराना और स्वास्थ्य-सेवा जैसी अलग-अलग श्रेणियों के बड़े उपभोक्ता ब्रांडों के साथ साझेदारी की है और इस तरह बैंक ऑफ़ बड़ौदा के डेबिट एवं क्रेडिट कार्ड पर कई आकर्षक ऑफ़र और छूट की पेशकश की जा रही है। यह त्यौहारी अभियान 31 दिसंबर, 2023 तक जारी रहेगा और इस दौरान कार्डधारक रिलायंस डिजिटल, क्रोमा, मेकमाईट्रिप, अमेजन, बुकमायशो, मिंत्रा, स्विगी, ज़ोमैटो सहित कई ब्रांडों के विशेष ऑफ़र का लाभ उठा सकते हैं।

इस मौके पर **श्री रवींद्र सिंह नेगी, मुख्य महाप्रबंधक - रिटेल देयताएं एवं एनआरआई व्यवसाय, बैंक ऑफ़ बड़ौदा**, ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा, "हमें बेहद कम शुल्क वाले खाते के ज़रिये बैंकिंग

सेवाओं को सुलभ बनाने और त्यौहारों के इस मौसम में अपने ग्राहकों को और अधिक खुशियाँ देने के दोहरे उद्देश्य के साथ बॉब लाइट सेविंग्स अकाउंट की पेशकश करते हुए बेहद खुशी हो रही है। देश का कोई भी नागरिक यह खाता खोल सकता है, जिसमें 10 साल से अधिक उम्र के नाबालिग भी शामिल हैं। बॉब लाइट महत्वाकांक्षी भारतीयों की नई पीढ़ी के लिए औपचारिक बैंकिंग इकोसिस्टम के द्वार खोलता है, जिसका उद्देश्य उनकी बैंकिंग की जरूरतों को पूरा करना है।”

बॉब लाइट सेविंग्स बैंक अकाउंट की मुख्य विशेषताएँ:

- लाइफटाइम शून्य शेष बचत खाता
- देश का कोई भी नागरिक यह खाता खोल सकता है, जिसमें नाबालिग भी शामिल हैं (जिनकी उम्र 10 साल से अधिक हो और पढ़ने-लिखने में सक्षम हो)
- कई आकर्षक सुविधाओं के साथ लाइफटाइम बिना किसी शुल्क के रुपे प्लेटिनम डेबिट कार्ड, जिसके लिए खाते में तिमाही औसत शेष (QAB) को बनाए रखना जरूरी है, जिसका विवरण निम्नानुसार है:
  - मेट्रो/शहरी शाखाओं के लिए 3000 रुपये
  - अर्ध-शहरी शाखाओं के लिए 2000 रुपये
  - ग्रामीण शाखाओं के लिए 1000 रुपये
- पात्रता के आधार पर लाइफटाइम निःशुल्क क्रेडिट कार्ड
- बैंक ऑफ़ बड़ौदा डेबिट तथा क्रेडिट कार्ड पर आकर्षक छूट/ऑफ़र
- एक वित्त-वर्ष में बिना शुल्क के चेक के 30 पन्नों की सुविधा

वीडियो केवाईसी के ज़रिये डिजिटल तरीके से बॉब लाइट सेविंग्स अकाउंट खोलने के लिए https://bit.ly/bobLITE पर क्लिक करें या बैंक ऑफ़ बड़ौदा की नजदीकी शाखा पर जाएँ।

बॉब लाइट बचत खाते के बारे में अधिक जानकारी के लिए यहाँ क्लिक करें।

About Bank of Baroda

Founded on 20th July, 1908 by Sir Maharaja Sayajirao Gaekwad III, Bank of Baroda is one of the leading commercial banks in India. At 63.97% stake, it is majorly owned by the Government of India. The Bank serves its global customer base of ~165 million through over 70,000 touch points spread across 17 countries in five continents and through its various digital banking platforms, which provide all banking products and services in a seamless and hassle-free manner. The Bank’s vision matches the aspirations of its diverse clientele base and seeks to instil a sense of trust and security in all their dealings with the Bank.

- Visit us at www.bankofbaroda.in
- Facebook https://www.facebook.com/bankofbaroda/

- Twitter https://twitter.com/bankofbaroda
- Instagram https://www.instagram.com/officialbankofbaroda/
- YouTube https://www.youtube.com/channel/UCdf14FHPLt7omkE9CmyrVHA
- LinkedIn https://www.linkedin.com/company/bankofbaroda/

For media queries, please contact:
Bank of Baroda: Phiroza Choksi | +91 9820363681 | corp.pr@bankofbaroda.com
Perfect Relations: Sneha Joshi | +91 9833004482 | Sneha.Joshi@dentsu.com